रेलवे भर्ती बोर्ड/भुवनेश्वर

**RAILWAY RECRUITMENT BOARD/BHUBANESWAR**

भारत सरकार (रेल मंत्रालय) / GOVT. OF INDIA (MINISTRY OF RAILWAYS)

डी-79/80, रेल विहार, चंद्रशेखरपुर, भुवनेश्वर, ओडिशा, फोन: 0674-2303015, वेबसाइट: www.rrbbbs.gov.in, ईमेल: rrbbbs.od@gov.in

## सीईएन सं. 04/2024 (पैरा-मेडिकल के विभिन्न पद)

## पैरा-मेडिकल के विभिन्न पद के दस्तावेज़ सत्यापन और चिकित्सीय परीक्षण के कार्यक्रम हेतु सूचना:

1. पैरा-मेडिकल के विभिन्न पद के दस्तावेज़ सत्यापन के लिए चुने गए उम्मीदवारों की सूची रेलवे भर्ती बोर्ड, भुवनेश्वर की आधिकारिक वेबसाइट पर दिनांक 11.08.2025 को जारी की गई थी।
2. उपरोक्त के अलावा, पैरा-मेडिकल के विभिन्न पद के लिए नीचे दर्शाए गए रोल नंबर वाले उम्मीदवारों को दस्तावेज़ों/प्रमाण पत्रों के सत्यापन, उम्मीदवारी की प्रमाणिकता और चिकित्सीय परीक्षण के लिए अस्थायी रूप से सूचीबद्ध किया गया है, जैसा कि नीचे निर्धारित है । उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे नीचे दी गई निर्धारित तिथि और समयानुसार रेलवे भर्ती बोर्ड/ भुवनेश्वर, डी-79/80, रेल विहार, चंद्रशेखरपुर, भुवनेश्वर पिन – 751023 के कार्यालय पर रिपोर्ट करें ।
3. रेलवे भर्ती बोर्ड की वेबसाइट से अपना ई-कॉल लेटर डाउनलोड करने के लिए उम्मीदवारों के पंजीकृत मोबाइल/ई-मेल आईडी पर एसएमएस/ई-मेल अलर्ट भेजे जा रहे है ।
4. दस्तावेज सत्यापन के लिए बुलाए गए उम्मीदवारों को सभी मूल दस्तावेजों के साथ-साथ ए4 आकार के कागज में दो सेट स्वप्रमाणित फोटो प्रति प्रस्तुत करने होंगे, जैसा कि दस्तावेज सत्यापन के लिए जारी किए गए सीईएन और ई-कॉल लेटर में विस्तृत है।
5. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे छ: (6) पासपोर्ट आकार के रंगीन फोटोग्राफ साथ लाएं जो एक महीने से अधिक पुराने न हों। उम्मीदवार सीबीटी के ई-कॉल लेटर के साथ उम्मीदवार फ़ॉइल भी साथ लाएंगे।
6. ऑनलाइन आवेदन और मूल प्रमाण पत्र/दस्तावेजों में नाम/पिता के नाम की वर्तनी में भिन्नता के मामले में, सत्यापन की तिथि पर, उम्मीदवारों को आवश्यक स्टांप पेपर पर मजिस्ट्रेट या नोटरी के समक्ष निष्पादित प्रासंगिक शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा, जिसमें यह उल्लेख हो कि प्रमाण पत्र में संदर्भित व्यक्ति एक ही है।
7. जो उम्मीदवार दस्तावेज़ सत्यापन (डीवी) की निर्धारित तिथि पर अपने मूल प्रमाण पत्र / प्रासंगिक शपथ पत्र प्रस्तुत करने में विफल रहेंगे, उन्हें कोई अतिरिक्त समय नहीं दिया जाएगा और ऐसे उम्मीदवारों की उम्मीदवारी जब्त / रद्द की जा सकती है।
8. चिकित्सीय परीक्षण दस्तावेज़ सत्यापन के अगले दिन संबलपुर/ खुर्दा रोड/ विशाखपट्टणम/ भुवनेश्वर (मंचेश्वर) स्थित किसी भी रेलवे अस्पताल में किया जाएगा। दस्तावेज़ सत्यापन पूरा होने के बाद, उम्मीदवारों को उस अस्पताल के बारे में सूचित किया जाएगा जहां उन्हें चिकित्सीय जांच करानी होगी।
9. उम्मीदवारों को निर्धारित चिकित्सा शुल्क 24/- रुपये ही देना होगा। चिकित्सीय जांच के लिए अस्पताल/स्वास्थ्य इकाई को अन्य कोई शुल्क नहीं देना होगा। दुर्लभ मामलों में, जहां सीटी स्कैन, अल्ट्रासाउंड, अपवर्तक नेत्र शल्य चिकित्सा आदि जैसी जांच की जानी है, जिसके लिए रेलवे अस्पताल/स्वास्थ्य इकाई में आवश्यक सुविधा उपलब्ध नहीं है, तो ऐसी जांच के लिए उम्मीदवारों को संबंधित प्रयोगशाला/अस्पताल को अपेक्षित भुगतान करना पड़ सकता है।
10. सभी चयनित उम्मीदवारों की उम्मीदवारी पूर्ण रुप से अस्थायी है तथा भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में या उसके बाद उनके द्वारा ऑनलाइन आवेदन में दी गई जानकारी में किसी भी प्रकार की असंगति/कमी/विसंगति पाए जाने पर या भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में या उसके बाद उनकी ओर से किसी भी प्रकार का कदाचार पाए जाने पर उनकी उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है ।
11. यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि केवल चयनित उम्मीदवार को दस्तावेज़ सत्यापन/चिकित्सीय परीक्षण के लिए बुलाना उन्हें किसी भी तरह से रेलवे में नियुक्ति का हकदार नहीं बनाता है।

12. हालांकि परिणाम तैयार करने में हर प्रकार की सावधानी बरती गई है, आरआरबी किसी भी अनजाने त्रुटि या टाइपोग्राफिकल/प्रिंटिंग गलतियों आदि को सुधारने का अधिकार सुरक्षित रखता है। आरआरबी इस संबंध में उम्मीदवारों से किसी भी पत्राचार को स्वीकार करने में असमर्थता व्यक्त करता है।

13. **महत्वपूर्ण: उन दलालों से सावधान रहें जो उम्मीदवारों को गलत तरीके से नौकरी के लिए चयनित करने के झूठे वादा करके गुमराह कर सकते हैं। आरआरबी परीक्षाओं में भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह से कम्प्यूटरीकृत है और चयन केवल उम्मीदवारों की योग्यता के आधार पर होता है। नियमित अपडेट और जानकारी के लिए कृपया आरआरबी की आधिकारिक वेबसाइट देखें।**

**<u>महत्वपूर्ण निर्देश:</u>**

1. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे आवश्यक दस्तावेज़ों को रेलवे भर्ती बोर्ड दस्तावेज़ सत्यापन पोर्टल https://oirms-ir.gov.in/rrbdv/ पर अपलोड करें और वहां दिए गए निर्देशों का पालन करें । यह पोर्टल दस्तावेज़ अपलोड करने के लिए डीवी की तिथि से 10 दिन पहले सक्रिय होगा और डीवी की तिथि पर बंद हो जाएगा ।

2. **अनुपस्थित उम्मीदवारों के लिए दस्तावेज़ सत्यापन की ब्लॉक तिथि 18.09.2025 है (रिपोर्टिंग समय: 9:00 बजे) ।** यहां ध्यान दिया जाए यदि उम्मीदवार दस्तावेज़ सत्यापन की निर्धारित तिथि में उपस्थित नहीं होते है, तो उनकी उम्मीदवारी निरस्त मानी जाएगी जब तक कि दस्तावेज़ी साक्ष्य द्वारा यह सिद्ध न हो कि उम्मीदवार को विश्वविद्यालय/सरकारी परीक्षा में उपस्थित होना था या उम्मीदवार बीमारी के कारण उपस्थित नहीं हो पाए। अनुपस्थिति का अन्य  कोई कारण विचारणीय नहीं होगा । ब्लॉक तिथि के लिए कोई नया ई-कॉल लेटर जारी नहीं किया जाएगा ।

**दस्तावेज़ सत्यापन की तिथि : 08-09-2025** **रिपोर्टिंग का समय: 9:00 बजे**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 16424012160296879 | 16424012160583160 | 16424013270381259 | 16424014160681379 |
| 16424062120343855 | 16424064260199070 | 16424065280014607 | *** |

**दिनांक : 20-08-2025** **अध्यक्ष/रे.भ.बो/भुवनेश्वर**